दैनिक सायंकालीन

# कानून व्यवस्था

वर्षः 16 | अंकः 132 | E-mail : kvjpr1@gmail.com | जयपुर, (गुरूवार) 27 नवंबर, 2025 | RNI.No.RAJHIN/2010/33272 | मूल्य 1 रुपए | पृष्ठः 4

## सेवा तीर्थ में बैठ कर काम करेंगे अब प्रधानमंत्री मोदी

**सेवा तीर्थ नाम होगा अब पीएमओ का सिर्फ नाम बदला है जगह वही है**

**अब पीएमओ को सेवा तीर्थ कहा जाएगा, प्रधानमंत्री कार्यालय का बदल गया नाम, 'सेवा तीर्थ' के नाम से जाना जाएगा**

कानून व्यवस्था



केंद्र सरकार ने एक बड़े फैसले में औपनिवेशिक मानसिकता से जुड़ी शब्दावली को बदलते हुए महत्वपूर्ण सरकारी भवनों के नाम बदल दिए हैं. अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री ऑफिस (PMO) वाले नए कॉम्प्लेक्स का नाम सेवा तीर्थ होगा. नया कॉम्प्लेक्स निर्माण के अंतिम चरण में है. पहले सेंट्रल विस्टा रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के नाम से जाना जाता था.तीर्थ शब्द पवित्रता और सेवा के समर्पण को दर्शाता है, जिसका अर्थ है कि यह परिसर प्रशासनिक निर्णयों के साथ-साथ जनसेवा का भी प्रतीक होगा. बताया जाता है इन नाम परिवर्तनों के पीछे सरकार का उद्देश्य शासन में राज की जगह लोक (जनता) और सेवा (सर्विस) की भावना को प्राथमिकता देना है. PMO के अलावा, एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में कैबिनेट सेक्रेटेरिएट, नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटेरिएट और इंडिया हाउस के ऑफिस भी होंगे।

## 'आज दुनिया भारत के पीएम की आवाज सुनती हैं'

कानून व्यवस्था



RSS प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र में कहा 'आज दुनिया भारत के PM की बात गंभीरता से सुनती है, क्योंकि भारत की उभरती हुई शक्ति को पूरी दुनिया महसूस कर चुकी है। दुनिया भारत से सीखना चाहती है और यही कारण है कि वह भारत की आवाज को महत्व देती है। अगर भारत का विकास सबके विकास का कारण बने तो वही सच्चा विकास है अन्यथा वह विनाश का प्रतीक बन सकता है। भारत जब बढ़ता है तो दुनिया को शांति और स्थिरता मिलती है।

## पहली बार अजमेर दरगाह में लाइसेंस सिस्टम

कानून व्यवस्था



अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह में इतिहास में पहली बार खादिमों के लिए लाइसेंस प्रणाली लागू की जा रही है। दरगाह कमेटी ने केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रक्रिया शुरू कर दी है और नाजिम मोहम्मद बिलाल खान ने विज्ञापन जारी किया। दरगाह अधिनियम 1955 की धारा 11 (एफ) के तहत लाइसेंस सिर्फ पुश्तैनी सैयद जादगान और शेख जादगान को मिलेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2026 तय हुई है।

## 'संचार साथी ऐप अनिवार्य नहीं, इसे डिलीट कर सकते हैं

कानून व्यवस्था



राज्यसभा में विपक्ष ने मोबाइल में संचार साथी ऐप को प्री-इंस्टॉल किए जाने पर आपत्ति जताई। इस पर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा 'संचार साथी ऐप अनिवार्य नहीं है। लोग चाहें तो इस ऐप को मोबाइल से डिलीट कर सकते हैं। ये ऐप लोगों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए है। ऐसे से किसी की जासूसी नहीं होगी।' विपक्ष ने सरकार पर इस ऐप के जरिए जासूसी करने का आरोप लगाया है।

## मुझे भारत सरकार और बैंक से शिकायत है

**भारत सरकार और बैंक कब तक धोखा देते रहेंगे**

कानून व्यवस्था



विजय माल्या ने X पर लिखा भारत सरकार और बैंक मुझे और जनता को कब तक धोखा देते रहेंगे? वित्त मंत्री संसद में कह रही हैं कि मुझसे 14100 करोड़ रुपए वसूले गए। बैंक कह रहे हैं कि 10 हजार करोड़ रुपए वसूले गए। 4 हजार करोड़ रुपए के अंतर का क्या? वसूल की गई राशि का कोई लेखा-जोखा या जमा विवरण नहीं है। सच जानने के लिए एक रिटायर्ड जज की नियुक्ति क्यों नहीं की गई? यह मेरे लिए भी बहुत दयनीय स्थिति है।

## 2025 में 51,979 रुपए तक महंगा हुआ सोना

कानून व्यवस्था



सोने के दाम में आज गिरावट है। IBJA के अनुसार 10 ग्राम सोना 659 रुपए सस्ता होकर 1,28,141 रुपए पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोना 1,28,800 रुपए का था। वहीं, चांदी का दाम 243 रुपए बढ़कर 1,75,423 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,75,180 रुपए/किलो थी। इस साल अब तक सोने की कीमत 51,979 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,28,141 रुपए हो गया है।

## हाईकोर्ट ने SHO को तुरंत हटाने के आदेश पुलिस ओर वकील विवाद में

### पुलिस-वकील विवादः हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर कमिश्नर को तलब किया, थानाधिकारी को हटाने के निर्देश

कानून व्यवस्था



जोधपुर में कुड़ी थाने में सोमवार को एक अधिवक्ता और पुलिस थाना अधिकारी के बीच हुए विवाद के बाद मंगलवार को वकीलों ने हाईकोर्ट व अधीनस्थ अदालतों में कार्य बहिष्कार किया. इस पर राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वतः प्रसंज्ञान लेते हुए जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान को तलब किया. पुलिस कमिश्नर ने कोर्ट को बताया कि वह इस संदर्भ में कड़ी कार्रवाई करेंगे और भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसका प्रयास करेंगे. राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस.पी. शर्मा व न्यायाधीश बी.एस. संधू ने पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया कि वे उस पुलिस अधिकारी को शाम तक थाने से हटाएं, जिसने यह अभद्रता की. कोर्ट ने कहा कि पुलिस को यह प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है कि वह जनता, फरियादी और अधिवक्ताओं के साथ कैसा व्यवहार करें. कोर्ट ने यह भी कहा कि इस मामले में वह कोई लिखित आदेश नहीं दे रहे हैं, लेकिन अपेक्षा करते हैं कि सेवा नियमों के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी.

## राजस्थान में 3 दिन का अलर्ट

कानून व्यवस्था



राजस्थान में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ेगी। उत्तरी राजस्थान के साथ पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के हिस्सों में तेज सर्दी का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 3 से 5 दिसंबर को चूरू, झुंझुनूं और सीकर में कोल्ड-वेव (शीतलहर) चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान जयपुर, अलवर, दौसा, नागौर समेत अन्य जिलों में शीतलहर का हल्का असर रहने का अनुमान है। लोगों को ठंड से बचने की सलाह दी गई है।

## ये भारत है और यहां इंसानियत जिंदा है

**भारत ने दिखाई इंसानियत, पाकिस्तान के लिए खोल दिया...**


कानून व्यवस्था



भारत ने तूफान दित्वाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट (ऐसा विमान जो किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता) को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। क्र्य ने 1 दिसंबर को ही ओवरफ्लाइट की इजाजत मांगी थी और भारत ने महज 4 घंटे में मंजूरी दे दी। भारत ने ये कदम इंसानियत के नाते उठाया है, ताकि श्रीलंका में पीड़ितों तक मदद पहुंच सके।

## 'संचार साथी एप से सरकार जासूसी करना चाहती है'


कानून व्यवस्था



'संचार साथी' एप मामले पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा- यह कदम लोगों की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। यह एक जासूसी एप है। सरकार हर नागरिक की निगरानी करना चाहती है। साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के लिए सिस्टम जरूरी है, लेकिन सरकार का ताजा आदेश लोगों की निजी जिंदगी में अनावश्यक दखल जैसा है। बता दें, सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि एप को डिलीट किया जा सकता है।

## मैं कोच होता तो जिम्मेदारी लेताः शास्त्री

कानून व्यवस्था



टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत की 0-2 से हार पर रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा 'मैं इस मामले में गंभीर का बचाव नहीं करूंगा। उन्हें 100 प्रतिशत जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर यह तब हुआ होता जब मैं कोच था तो मैं हार की पहली जिम्मेदारी लेता। असल में टीम इतनी बुरी नहीं थी, लेकिन गुवाहाटी में वे 100-1 से 130-7 पर आ गए। खिलाड़ियों को और जिम्मेदारी लेने की जरूरत है।'

## हमारे अब्बू जिंदा है क्या सबूत दे

**इमरान खान के बेटों ने मांगा पिता के जिंदा होने का सबूत**

कानून व्यवस्था



पाकिस्तान में इमरान खान के मरने की अटकलों के बीच उनके बेटों ने जिंदा होने का सबूत मांगा है। परिवारवालों का आरोप है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद पिछले कई महीनों से उन्हें इमरान से मिलने नहीं दिया गया है। इससे परिवार का साइकोलॉजिकल टॉर्चर बढ़ गया है। वो अगस्त 2023 से जेल में हैं। उनकी सेहत और कथित मारे जाने की अफवाहों ने चिंता बढ़ा दी है। परिवार के आरोप से शहबाज शरीफ की सरकार पर दबाव बढ़ गया है।

## क्या अवैध रूप से आने वाले रोहिंग्याओं का स्वागत करें

कानून व्यवस्था



रोहिंग्या के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। CJI सूर्यकांत ने कहा 'रोहिंग्या सुरंगों के रास्ते अवैध रूप से यहां आते हैं। अवैध रूप से यहां आने वाले रोहिंग्याओं का क्या हम स्वागत करें? वे यहां आकर रोटी और रहने की जगह जैसे अधिकार मांगते हैं। इन सभी पर आपके बच्चों का अधिकार है। रोहिंग्या गरीब बच्चों का हक मारते हैं। क्या हमें कानून को इतना लंबा खींचना होगा।'

## अब 8, राज्यों के राजभवन नाम नहीं लोकभवन होंगे

कानून व्यवस्था




गृह मंत्रालय के आदेश के बाद 8 राज्यों ने अपने राज भवन का नाम लोक भवन कर दिया है। इनमें पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, उत्तराखंड, ओडिशा, गुजरात और त्रिपुरा शामिल हैं। होम मिनिस्ट्री ने आदेश जारी किया था, जिसमें राज्यपाल के आधिकारिक घर और ऑफिस राज भवन का नाम बदलकर लोक भवन करने के लिए कहा गया था। अधिकारियों ने कहा कि यह फैसला लोगों के मन से कॉलोनियल सोच को हटाने के लिए लिया गया।

## 4 दिसंबर को दिखेगा साल का आखिरी सुपरमून



**कानून व्यवस्था/** 4 दिसंबर को साल का आखिरी सुपरमून यानी 'कोल्ड मून' आसमान में दिखाई देगा। यह चांद सर्दियों की शुरुआत का संकेत माना जाता है। कोल्ड मून को सुपरमून इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह पृथ्वी के सबसे नजदीकी बिंदु के काफी पास आता है, जिससे यह साधारण दिनों की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत बड़ा और ज्यादा चमकीला दिखाई देता है। इसकी चमक और आकार बढ़ने के कारण लोग बिना किसी खास उपकरण के भी चांद को बेहद साफ देख सकते हैं।

## अयोध्या में 52 एकड़ में बनेगा वर्ल्ड लेवल मंदिर म्यूजियम


कानून व्यवस्था



अयोध्या (UP) में माझा जमथरा इलाके में 52 एकड़ में एक वर्ल्ड लेवल मंदिर म्यूजियम का निर्माण होगा। योगी कैबिनेट के मुताबिक इस भव्य प्रोजेक्ट के निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी टाटा संस को सौंपी गई है। संग्रहालय में वेद-पुराण, प्राचीन भारतीय साहित्य का महत्व, भारत की समृद्ध मंदिर वास्तुकला और इतिहास, विभिन्न धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासतों की विस्तार से जानकारी मिल सकेगी।

## कांग्रेस नेता ने टीकाराम जूली के जन्मदिवस पर पुष्प गुच्छ भेंट कर दी शुभकामनाएं

कानून व्यवस्था



**करौली/करौली धौलपुर** लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता रवि कुमार बैरवा ने अपने टीम के साथ नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के जन्म दिवस पर जय कृष्णा क्लब जी.डी. कॉलेज के सामने अलवर पहुंच कर रक्तदान शिविर में रक्तदान कर जूली को पुष्प गुच्छ तथा माला साफा भेंट करने के साथ उन्हें जन्मदिन की बधाई दी एवं उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति और ईमानदारी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि एसआईआर पहली बार नहीं हो रही है। पहले एसआईआर होती थी, तब हमें पता नहीं चलता था। जो गलत नाम है वो कटने चाहिए। लेकिन, जो जायज ना है, वो नहीं कटने चाहिए। ।भाजपा सरकार धर्म के नाम पर लोगों में नफरत फैलाने का कार्य कर रही है जिससे देश खोखला होता जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस नेता रवि कुमार बैरवा, समंदर माली, डॉ बुधराम बैरवा सतनारायण जोशी,अभिषेक शर्मा,नांगल पहाड़ी, मुकेश सेन, थानसिंह बैरवा सहित कई कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया।

## भागवत कथा को लेकर तैयारियां चरम पर गांव में बढ़ा प्रचार अभियान

कानून व्यवस्था



**महावीर सुमनबूंदी** लाखेरी कस्बे में जल्द आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा महापुराण को लेकर धार्मिक माहौल पूरी तरह रंग लेने लगा है। कथा आयोजन समिति और जुड़े हुए सदस्यों द्वारा लाखेरी सहित आस-पास के गांवों नया गांव, भाण्ड गवार, मॉल की झोपड़ियां, खैराबाद, सूरजपुरा आदिमें विशेष प्रचार-प्रसार अभियान तेज कर दिया गया है।घरडूघर जाकर आमंत्रण, व्यक्तिगत संपर्क पर जोरकथा सदस्यों की टीम बीते कई दिनों से लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कर रही है, ताकि अधिक से अधिक भक्त कथा श्रवण के लिए पहुंच सकें। समितियों के सदस्य गांव में चौपालों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों से मिलकर उन्हें कथा का महत्व और कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं। कई स्थानों पर महिलाओं की टोली और युवा स्वयंसेवक भी सक्रिय होकर घरडूघर पर्चे वितरित कर रहे हैं।धार्मिक उत्साह चरम पर, लोगों में उमंग समिति द्वारा पांडाल सजावट, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और जल व्यवस्था पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप देने के लिए स्थानीय कलाकार भी जुटे हुए हैं।

## पूर्व सरपंच लक्ष्मणराम चौधरी की पुण्यतिथि पर हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन


कानून व्यवस्था



**भोपालगढ़ (सुनील पाड़ीवाल)।** किसानों व गरीबों के मसीहा, ग्राम पंचायत स्तर पर एकमात्र श्री परसराम मदेरणा राजकीय महाविद्यालय बनवाने वाले कॉलेज निर्माता, भोपालगढ़ के पूर्व सरपंच व जिला परिषद सदस्य व दिग्गज किसान नेता एडवोकेट स्व. लक्ष्मणराम चौधरी (वकील साब) की दसवीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को कस्बे के एलआरसी कृषि फार्म समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें कई प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर महान शख्सियत को पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। युवा नेता महावीर लक्ष्मणराम चौधरी ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों तथा ग्रामीणों ने भाग लिया और स्व. चौधरी के आदर्शपूर्ण जीवन, उनके संघर्षों तथा किसानों और गरीबों के हित में किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि लक्ष्मणराम चौधरी का जीवन जनसेवा, न्यायप्रियता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है।

## जलमहल की पाल के सौन्दर्यकरण के लिये सक्रिय हुई निगम की टीम


कानून व्यवस्था



**जयपुर,** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर पर्यटन स्थलों एवं धार्मिक स्थलों की सफाई व्यवस्था एवं सौन्दर्यकरण के लिये टीमों द्वारा मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। इंजीनियरिंग विंग ने मंगलवार को जल महल की पाल पर चल रहे मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि पर्यटक सीजन एवं प्रवासी राजस्थानी दिवस के मध्यनजर शहर की खूबसूरती और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हाल ही में पर्यटक स्थलों एवं धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों पर 100 से अधिक नये डस्टबिन लगाये गये है। 270 से अधिक कचरा डिपो को हटाकर उस स्थानों का सौन्दर्यकरण किया गया है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, अधीक्षण अभियंता किशनलाल मीणा, अधिशाषी अभियंता बहादुर सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जल महल की पाल पर वर्तमान में रंग-रोगन एवं रिपेयरिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है।कुछ स्थानों पर जाली को बदला गया है। । आसपास के क्षेत्र में सड़क व पैदल पथ की छोटी-मोटी मरम्मत भी की जा रही है। सफाई व्यवस्था को और मजबूत किया गया। उन्होंने बताया कि जल महल क्षेत्र में रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए निगम ने विशेष सफाई टीम लगाई

# निजी स्कूल संचालक ने एक रुपया नारियल लेकर अपने पुत्र का विवाह किया।

कानून व्यवस्था



**चाकसू (निस) चाकसू** में वार्ड 32 निवासी नगर पालिका पार्षद ललिता-रामकिशोर सैनी ने अपने पुत्र, पूर्व पार्षद हनुमान सिंह सैनी का विवाह आमेर निवासी हुकुमचंद सैनी की पुत्री विद्या सैनी के साथ बिना किसी लेन-देन के सादगी पूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाया। वर-वधू पक्ष के लोगों ने रामकिशोर सैनी के विचारों की सराहना करते हुए सैनी माली समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लिए अनुकरणीय बताया। 29 नवंबर को हुआ यह विवाह किसी रस्म का पालन भर नहीं था, बल्कि एक घोषित सामाजिक आंदोलन जैसा प्रतीत हुआ। जहां दहेज न मांगने और न लेने की घोषणा ने समारोह को एक नई दिशा दी। यह उदाहरण जो आधुनिक समाज को दहेज की परतों से बाहर देखने की दृष्टि देती है। दूल्हा बने हनुमान सिंह सैनी ने भावपूर्ण स्वर में कहा–रिश्ते दिलों से जुड़ते हैं, दहेज से नहीं।% ।विवाह में शगुन के तौर पर दूल्हे ने केवल एक रुपया और एक नारियल लेकर इस शादी को साधारण से असाधारण और व्यवहारिक पूर्ण बना दिया।

## वैश्विक स्तर पर सुरेन्द्र कुमार शर्मा सम्मानित हुए

कानून व्यवस्था



**जयपुर** – हिंदी साहित्य जगत के गरिमामय एवं बहुआयामी रचनाकार, कवि, गीतकार एवं अधिवक्ता श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा को शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय फाउंडेशन, नेपाल द्वारा प्रतिष्ठित ÷विश्व हिंदी रत्न÷ की मानद उपाधि प्रदान की गई है। यह सम्मान उन्हें हिंदी दिवस-2025 के अवसर पर हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति के उत्थान में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदान किया गया।श्री शर्मा हिंदी काव्य जगत के प्रतिष्ठित सर्जक हैं। उनकी चर्चित कृतियों ÷एक और सतसई÷ (दोहा संग्रह) तथा ÷गीत-शतक÷ (गीत संग्रह) ने साहित्य जगत में विशेष स्थान बनाया है। इसके साथ ही उनकी ई-बुक्स ÷शब्द के घाट÷ तथा ÷एक और सतसई÷ अमेज़न पर प्रकाशित होकर व्यापक पाठकवर्ग तक पहुँची हैं।विश्व स्तर पर हिंदी साहित्य को नवीन पहचान दिलाने हेतु आपने विश्व की पहली हिंदी कॉफी टेबल बुक ÷शब्दों के सारथी÷ का संपादन कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि स्थापित की। देश के ग्यारह रचनाकारों की चुनिंदा कृतियों से सुसज्जित यह साझा काव्य संग्रह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लोकार्पित हुआ।

## बार एसोसियेशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित

कानून व्यवस्था




**कुमार प्रवीन** बयाना।बयाना बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनावों को लेकर चुनाव संचालन समिति ने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित चार पदों के लिए 12 दिसंबर को मतदान होगा। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट अरुण मुदगल ने बताया कि सदस्यता शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 2 दिसंबर दोपहर 3 बजे निर्धारित की गई है। इसी दिन शाम 5 बजे प्राथमिक मतदाता सूची जारी की जाएगी। मतदाता सूची पर आपत्तियां 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ली जाएंगी, जिसके बाद शाम 5 बजे अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। नामांकन पत्र 4 और 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 5 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक की जाएगी। नामांकन वापसी का समय 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक तय किया गया है। इसके बाद शाम 4 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। महर्षि मदन मोहन बार सभागार में 12 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होते ही मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। मतदान के लिए अधिवक्ताओं को बार काउंसिल ऑफ राजस्थान का आईडी कार्ड, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस या पैन कार्ड जैसे पहचान दस्तावेज साथ लाने होंगे। मतदान स्थल के अंदर मोबाइल फोन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## बकरी चराकर घर लौट रही एक महिला पर दिन दहाड़े अज्ञात बदमाशों ने हमला किया

कानून व्यवस्था



**चाकसू** - रविवार को थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि थाना क्षेत्र मे सिरूजिया गांव निवासी मुन्नी बानो पत्नी इस्लाम खान शाम को बकरी चराकर लौट रही थीं। मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उनके पास आए और बकरा खरीदने की बात कहने लगे और वही महिला के मना करने पर वे चले गए, लेकिन कुछ देर बाद लौटकर महिला पर हमला कर दिया था और हमलावरों ने मुन्नी बानो के दाएं कान से सोने का टॉप्स और गले से सोने का लॉकेट तोड़ लिया। हमलावर मौके से फरार हो गए।हमले में घायल महिला अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत पुलिस को 100 नंबर पर सूचना दी। पुलिस ने घायल महिला को उप जिला अस्पताल चाकसू पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। महिला के दाएं कान में सात टांके आए हैं। उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।पुलिस 15 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गई और निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और लुटेरों की तलाश के लिए एक टीम गठित की है। पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि लुटेरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा

## बीसीएमओ कूदन डॉ कुलदीप दानोदिया ने किया चिकित्सा संस्थानो का निरीक्षण-

कानून व्यवस्था



सीकर। चिकित्सा विभाग के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप दानोदिया ने मंगलवार को ब्लॉक कूदन की विभिन्न संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र फकीरपुरा, माजीपुरा, नेतड़वास, भुवाला, सेवद छोटी, मोल्यासी चेलासी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने संस्थानों पर दवाइयों की उपलब्धता, जांच की स्थिति, उपकरणों का रखरखाव, स्टाफ की उपस्थिति, साफ सफाई, निमार्णाधीन भवन सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने टीकाकरण, प्रसव, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, परिवार कल्याण, लाडो योजना, मां वाउचर योजना की प्रगति की समीक्षा के साथ अन्य योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार प्रगति करने के निर्देश दिए इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र फकीरपुरा और माजीपुरा बंद मिले। वहां की एएनएम सोहनी देवी, सीएचओ सीमा देवी, एएनएम मनोज देवी तथा उप स्वास्थ्य केंद्र नेतड़वास में एसएनओ शरबती देवी व एएनएम विमला देवी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिली जिन्हें अनुपस्थिति के संबंध में कारण बताओ नोटिस दिए गए।

## सामेर ग्राम पंचायत को खाचरियावास पंचायत समिति में शामिल करने के विरोध में टावर पर चढ़े

कानून व्यवस्था



**खाटूश्यामजी/विजेंद्र** सिंह दायमा। सामेर ग्राम पंचायत को खाचरियावास पंचायत समिति में शामिल किए जाने के निर्णय के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ मल, पंचायत समिति सदस्य धर्मपाल गुर्जर और समाजसेवी सुभाष भामू सुबह 9 बजे से ही सरकारी स्कूल के पास बने टॉवर पर चढ़ गए।जानकारी मिलते ही दांतारामगढ़ उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर,खाटूश्यामजी सदर थाना अधिकारी अमित कुमार नागोरा, पुलिस उपअधीक्षक संजय बोथरा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। लगातार कई दौर की वार्ता और समझाइश के बाद प्रशासन ने तीनों को सीकर जिला कलेक्टर से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद तीनों देर शाम टॉवर से सुरक्षित नीचे उतर आए।करीब 8 घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्सुकता बनी रही।ग्रामीणों का कहना है कि सामेर का भौगोलिक क्षेत्र पलसाना पंचायत समिति के अधिक निकट है, ऐसे में खाचरियावास में शामिल किया जाना जनभावनाओं के विपरीत निर्णय है।

## ओबीसी आयोग के जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मनीष यादव

कानून व्यवस्था



**शाहपुरा न्यूज** - जिला परिषद सभागार, जयपुर में ओबीसी आयोग द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक मनीष यादव ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम राज्य में पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों में ओबीसी वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने हेतु आयोजित किया गया था।सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने राज्य में पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों में ओबीसी वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए ओबीसी गणना के लिये शुरुआत की है परंतु अभी तक सरकार ने कोई डेडलाइन नहीं जारी की है।

## आदर्श नगर जोन में दो अवैध निर्माण ढहाए


कानून व्यवस्था



**जयपुर,** नगर निगम जयपुर के आदर्श नगर जोन ने दो अलग-अलग स्थानों पर सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर उपायुक्त आदर्श नगर जोन राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में दो स्थानों पर कार्रवाई की गई। निगम की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है। पहली कार्रवाई जामडोली में अवैध छत निर्माण ध्वस्त जोन उपायुक्त राजेंद्र कुमार ने बताया कि जोन टीम को सूचना मिली कि जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ स्कूल क्षेत्र में बिना किसी अनुमति के छत निर्माण किया जा रहा है। मौके पर पहुंचकर टीम ने पाया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा था। इस पर संबंधित को नोटिस देकर काम रुकवाने के लिए कहा गया, लेकिन निर्माणकर्ता ने काम जारी रखा, इस पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए निर्माण को लोकण्डा मशीन की सहायता से पंक्चर कर ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान सतर्कता शाखा की टीम, भवन नियंत्रण टीम और स्थानीय स्टाफ मौजूद रहा। दूसरी बड़ी कार्रवाई ऋषि गालव नगर में की गई, जहाँ विवेक स्कूल के पीछे सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण खड़ा किया जा रहा था। निगम टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए निर्माण को जेसीबी मशीन से पूरी तरह गिरा दिया। टीम ने मौके पर मौजूद लोगों को चेतावनी देते हुए बताया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा पूरी तरह अवैध है और उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मांगों के समाधान के लिए शासन सचिवालय में अधिकारियों से प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की

कानून व्यवस्था



चाकसू (लोकेश कुमार गुप्ता ) महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम साथिनों की प्रमुख मांगों को लेकर अखिल राजस्थान महिला बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल संगठन के संस्थापक संरक्षक छोटीलाल बुनकर के नेतत्व में शासन सचिवालय में विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानीसिंह देथा से मिला जिसमें मानदेय वृद्धि, बजट घोषणा अनुसार सेवानिवृति पर ग्रेच्यूटी भुगतान, गैर आईसीडीएस कार्य नही कराने व किये गये चुनाव कार्य की प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराने केलिए निर्वाचन अधिकारियों से मुलाकात की।प्रदेशाध्यक्ष रचना शर्मा ने बताया कि, बीजेपी ने विधान सभा चुनाव घोषणापत्र में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाडी कार्मिकों को दिये जाने वाले मानदेय को आधार मानकर13,000 रुपये देने का वादा किया परन्तु राज्य में 5 हजार से 10 हजार रुपये ही कार्मिको को मानदेय दिया जा रहा है। जबकि मध्यप्रदेश में अब 15,000 रुपये मानदेय हो गया है। रचना शर्मा ने बताया कि बजट सत्र से पूर्व जयपुर में मांगो के समर्थन में बड़ी सभा कर सरकार पर नैतिक दबाव बनाया जायेगा।प्रतिनिधि मंडल में छोटीलाल बुनकर ,रचना शर्मा, कृष्णा वर्मा , माया जाट उपस्थित रहे ।

# उर्दू प्रोफेसर ने किया संस्कृत पोस्ट ग्रेजुएट का सम्मान।

**कानून व्यवस्था**



**चूरू जितेश सोनी** । मोहल्ला चेजारान चूरू में सोमवार को उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव असि. प्रोफेसर डॉ शमशाद अली की ओर से चेजारा समाज की संस्कृत से प्रथम पोस्ट ग्रेजुएट परवीन आलम के चूरू आगमन पर मोमेंटो, शॉल और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी ने कहा कि राजकीय लोहिया महाविद्यालय के निर्माण कार्य में चेजारा समाज के झबरूद्दीन चेजारा का बहुत महत्वपूर्ण रोल रहा है। अल्पसंख्यक समाज की बेटी का 32 साल पहले संस्कृत से पोस्टग्रेजुएट करना बहुत बड़ी है और अहम बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रधान व प्रखर वक्ता रणजीत सातडा ने कहा कि शिक्षा से ही परिवार, समाज और देश का नाम रोशन होता है। डॉ. शमशाद अली ने कहा कि पिछडे समाजों के आगे आने से ही देश की तरक़्क़ी को रफ्तार मिलेगी। इस अवसर पर लाल मोहम्मद चेजारा, क़ासम अली चेजारा , महेंद्र चौबे,डॉ अरिफ खान, डॉ अहसान अली, डॉ साजिद चौहान, डॉ क़ादिर हुसैन,उस्मान चेजारा इत्यादि मौजूद रहे

# कुमावत व कुरैशी ने ऊर्जामंत्री का आभार जताया

**कानून व्यवस्था**



**मनोहरपूर जाफ़र लोहानी** आज ऊर्जा मंत्री जी द्वारा एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें एसबीआई के द्वारा जो दुर्घटना बीमा का एमओयू साइन हुआ था उसके तहत मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को चेक वितरित किए गए आल राजस्थान इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमावत व प्रदेश महामंत्री मोहम्मद यूसुफ कुरेशी ने बताया कि लगभग 19 कर्मचारियों के मृतक आश्रितों को यह चेक दिए गए यह चेक प्रत्येक कर्मचारी को एक करोड़ 10 लख रुपए के चेक चेक दिए गए एवं एसबीआई ने अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जिसमें कर्मचारियों के अन्य बीमा भी शामिल थे जिसमें रिटायरमेंट पश्चात भी 30 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा भी एसबीआई के द्वारा दिया जा रहा है इस कार्यक्रम में राजस्थान विद्युत निगमो के ऊर्जा सचिव एवं राजस्थान डिस्कॉम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरती डोगरा मैडम विद्युत विभाग के आल्हा अधिकारी एवं एसबीआई बैंक के जनरल मैनेजर सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल थे!

# सर्दियों में हार्ट अटेक से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता ़ डॉ चैनाराम चौधरी

**कानून व्यवस्था**



**सोजत।** रमेश भट्ट। सर्दियों में कई तरह की बीमारियां होती हैं, जिनमें सबसे आम हैं सर्दी-जुकाम, फ्लू (इन्फ्लूएंजा), ब्रोंकाइटिस, निमोनिया, गले में खराश और साइनसाइटिस। इसके साथ ही हार्ट अटैक के केस काफी बढ़ जाते हैं। सर्दियों में हमारी ब्लड वेसल्स यानी नसें थोड़ी सिकुड़ जाती हैं। इस वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ता है और हार्ट को ब्लड पंप करने के लिए ज्यादा फोर्स लगाना पड़ता है, जिससे हार्ट पर लोड बढ़ जाता है। जिन लोगों को पहले से ही हार्ट से जुड़ी प्रॉब्लम्स हैं या बीपी और कोलेस्ट्रॉल की शिकायत है, उनके लिए तो खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है।डॉ. चौधरी कहते हैं कि किसी भी इमरजेंसी सिचुएशन के लिए आपको एक डिस्प्रिन (एस्पिरिन) की गोली जरूर रखनी चाहिए। ये 20-40 पैसे की एक गोली अगर सही समय पर दी जाए, तो लाइफ सेविंग साबित हो सकती है। अगर आपको कोई भी हार्ट अटैक से जुड़ा लक्षण दिखता है जैसे सीने में तेज जकड़न या दबाव, दोनों बांहों में जकड़न होना, छाती में जलन होना, तेज पसीना आना, जबड़े में अकड़न महसूस होना तो तुरंत डिस्प्रिन की गोली लें। इसे चबाकर खाना है और उसके बाद पानी पी लेना है।

# एएसपी नितेश आर्य के जन्मदिन एरोज्ञा मिशन के 4 देहदानी व 20 रक्तदाता बने

**कानून व्यवस्था**

**तिलोकाराम** बाडमेर जिला मुख्यालय पर मानवतावादी विचारधारा के धनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य बाडमेर व रैगर समाज के अध्यक्ष सुरेश कुमार जाटोल बाडमेर टीम के जन्मदिन के शुभ अवसर पर राजकीय अस्पताल बाडमेर ब्लेड बैक में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे रक्तदाताओ ने बढ़चढ़कर भाग लेते हुए मानवता का परिचय दिया। इस अवसर पर एरोज्ञा मिशन की टीम के 20 सदस्यों सहित 125 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया और एरोज्ञा मिशन के 4 कार्यकारी सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज बाडमेर को मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा की गयी । बालोतरा जिले के टापरा निवासी निम्बाराम मानव ने बेटी के 15 वे जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्तदान व मरणोपरांत देहदान का शपथ-पत्र भरा, एनआर बजाड वायुसेना मे कार्यरत हैं आप पिछ्ले 10 वर्षो से सामाजिक कुरीतियों व नशा मुक्ति अभियान के तहत शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण रक्तदान जैसे मानवीय कार्य कर रहे हैं। ।

# श्री चंद्र प्रकाश कुमावत को मिलेगा 'अटल सार्क गौरव अवार्ड'

**कानून व्यवस्था**

राधेश्याम दरजी ब्यावर। भारत की सांस्कृतिक शक्ति, वैदिक विरासत और वैश्विक समरसता को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा सार्क राष्ट्रों के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 07 दिसम्बर 2025 को राजधानी जयपुर में भव्य अंतरराष्ट्रीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के शुभारंभ अवसर पर समर्पित होगा।मंच के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ने बताया कि राजस्थान के ब्यावर शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री चंद्र प्रकाश कुमावत को उनके निरंतर सामाजिक योगदान, नवाचारपूर्ण सेवाकार्यों और मानवीय दृष्टिकोण के लिए इस समारोह में विशिष्ट रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय अतिथियों की उपस्थिति में उन्हें ÷अटल सार्क गौरव अवार्ड÷ से सम्मानित किया जाएगा।समारोह के मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति के पुनरुत्थान, भारत को पुनः जगत गुरु के आसन पर प्रतिष्ठित करने, भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विटो पावर के साथ स्थायी सदस्यता सुनिश्चित कराने और अयोध्या को संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय के रूप में स्थापित किए जाने जैसे वैश्विक मुद्दों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करना है।

# कायस्थ समाज जयपुर का क्रिकेट टूर्नामेंट CPL-3 का प्लेयर आक्शन संपन्न।

**कानून व्यवस्था**



जयपुर( मेहुल माथुर ) ।। कायस्थ समाज जयपुर के सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रांश प्रीमियर लीग (CPL) के तीसरे सीज़न का प्लेयर ऑक्शन एकाना होटल, जगतपुरा में शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। इस बार कुल 6 टीमें है जिनमें 3 नई टीमें शामिल हैं, ऑक्शन में उतरीं माथुर वॉरियर ,माथुर 11 , चित्रांश स्ट्राइकर ,माथुर मैवेरिक्स , कायस्थ किंग कायस्थ मेरिडियन आदि। ट्रॉफी अनावरण ने कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ाया। सुमित राज माथुर इस बार के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें 69,000 सीपीएल पॉइंट्स में कायस्थ किंग ने खरीदा। अब जल्द ही मैच शेड्यूल जारी होगा। टूर्नामेंट दिनांक 20, 21, 25, 27, 28 दिसंबर को होने जा रहे हैं। सीपीएल कमेटी में राहुल श्रीवास्तव ,सुमित माथुर , स्वर्णिम श्रीवास्तव ,अमित माथुर , हर्ष माथुर , यश माथुर आदि है।

# जेट परीक्षा 2025 में सीसीए के 6 विद्यार्थियों का चयन

**कानून व्यवस्था**



**रींगस। सीसीए** शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम कॅरियर इंस्टिट्यूट के एग्रीकल्चर फाउंडेशन के छह विद्यार्थियों का जेट परीक्षा 2025 में चयन हुआ है। संस्थान के झाबर निठारवाल ने बताया की स्वामी केशवानंद राजस्थान एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बीकानेर द्वारा आयोजित परीक्षा 2025 की प्रथम सूची में छात्र रवीना को एस के एन कॉलेज आफ एग्रीकल्चर जोबनेर( ऑल राजस्थान केटेगरी रैंक ,15), छात्रा अनिता कुमारी को एग्रीकल्चर कॉलेज आफ फतेहपुर, छात्र अर्जुन सिंह बावलिया को एग्रीकल्चर कॉलेज बसेड़ी धौलपुर, छात्र राजेश बाजिया को एग्रीकल्चर कॉलेज फतेहपुर, छात्रा मनीषा को एग्रीकल्चर कॉलेज चिडावा व छात्रा खुशी कंवर को एग्रीकल्चर कॉलेज बाड़मेर मिला है। इस अवसर पर संस्थान में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी चयनित विद्यार्थियों व अभिभावकों का संस्थान सचिव डॉ अजय सक्सेना, सह सचिव कविता सक्सेना, कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर द्वारा माला पहनाकर, श्याम दुपट्टा पहनाकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया

# विधायक ने मंत्री से मिलकर विधानसभा क्षेत्र के नहरो की मरम्मत की मांग रखी।



**चाकसू (निस)** चाकसू विधानसभा क्षेत्र के किसानों को अब अपनी फसलों के लिए पानी एवं खाद की आवश्यकता है। यूरिया खाद के मांग करते हुए किसान सहकारी समितियों एवं क्रय-विक्रय सहकारी समिति के कार्यालय में चक्कर लगाते रहते है। लेकिन उनको यूरिया मांग के अनुसार नहीं मिलने से हताश एवं परेशान हैं। यही हालात फसलों की पिलाई का है। क्षेत्र के शीलकी डूंगरी बांध, चंदलाई बांध, लाखावास बांध, पीपला बांध सहित अन्य जलाशयों से किसानों के खेतों तक पानी की आपूर्ति के लिए निकलने वाली नहरों के हालात खराब हो रहे हैं, जगह जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी अथवा लोगों ने अतिक्रमण कर बाधित कर दिया। इन समस्याओं के लेकर चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने राजस्थान सरकार के जल संसाधन विभाग मंत्री सुरेश सिंह रावत से कार्यालय में मिल कर नहरों का सर्वे करवाकर आवश्यक मरम्मत करवाई जाने का आग्रह किया है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र में किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद की आपूर्ति करवाने के लिए विधायक रामावतार बैरवा राजस्थान सरकार के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री किरोड़ी लाल मीणा से मिल पर लिखित में पत्र देते हुए शीध्र कार्यवाही की मांग की।

# मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कृषि उपज मण्डी जालोर में खरीद कार्य का किया शुभारंभ

**कानून व्यवस्था**



भारत सरकार की समर्थन मूल्य खरीद योजना वर्ष 2025-26 के अनुसार जालोर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी, जालोर की ओर से खरीद कार्य का शुभारंभ मंगलवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति जालोर में किया गया।समिति जनरल मैनेजर नरेन्द्र चौधरी ने बताया कि मूंग 8768 रूपये प्रति क्विंटल एवं मूंगफली 7263 रूपये प्रति क्विंटल है। किसान की प्रति हैक्टेयर मूंग 11.55 क्विंटल एवं मूंगफली प्रति हैक्टेयर 24.22 क्विंटल रहेगी एवं प्रति किसान अधिकतम 40 क्विंटल तुलाई होगी।सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सुनील वीरभान ने बताया कि किसान को अपनी कृषि जिंस सूखाकर एवं तय मानकों के अनुरूप लानी होगी। कृषि उपज मण्डी समिति जालोर के सचिव कल्याण सिंह भाटी ने मण्डी परिसर में तुलाई कार्य के लिए अवसंरचना संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारू करवाया। इस अवसर पर नाथुसिंह तीखी, सुरेश सुन्देशा, गणपत सिंह राव, पेमाराम देवासी, स्वरूपसिंह बिशनगढ, नाथू सोलंकी एवं समिति कर्मचारी उपस्थित रहे।


# बसवा उपखंड अधिकारी ने गिरधरपुरा में मिड डे मील का किया निरीक्षण



**बसवा / सुमित कुमार** बैरवा।। आज राजकीय प्राथमिक विद्यालयजा गिरधरपुरा में मिड डे मील का निरीक्षण किया उपखंड अधिकारी ने भोजन चखकर गुणवत्ता का निरीक्षण किया उपखंड अधिकारी ने बच्चों से भी खाने की गुणवत्ता के बारे मे फीडबैक लिया द्य साथ ही वर्तमान में जारी एसआईआर कार्य को शत प्रतिशत करने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश दिए

# बाय पंचायत समिति की मांग को लेकर कैंडल मार्च व मशाल जुलूस निकाला


**कानून व्यवस्था**




खाटूश्यामजी/बाय/विजेंद्र सिंह दायमा।पंचायत समिति बाय बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में बाबा लक्ष्मी नाथ मंदिर चौक पर बाय को पंचायत समिति बनाने को लेकर धरना जारी रहा। । ग्राम पंचायत बाय को पंचायत समिति बनाना प्रस्तावित था परंतु अंतिम चरण में बाय के स्थान पर खाचरियावास को पंचायत समिति बना दिया जिसको लेकर आस पास की 17 ग्राम पंचायते इसके विरोध में है और सरकार से बाय से पंचायत समिति बनाने की मांग कर रहे है। इसे लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा अब तक मौन व्रत, अनशन, हस्ताक्षर अभियान, पोस्टकार्ड अभियान, अपील पत्र , काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन कर विरोध किया गया है। मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन भी दिया जा चुका है। उपस्थित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार के खिलाफ़ नारे बाजी करते हुए बाबा श्री लाभ लक्ष्मी नाथ मंदिर चौक से मुख्य बाजार, ग्राम पंचायत भवन होते हुए टंकी बस स्टैंड तक कैंडल मार्च व मशाल जुलूस निकाला गया

# बैजूपाड़ा ब्लाक में PKVY योजनांतर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन


**कानून व्यवस्था**



**बैजूपाडा** ।आज PKVY योजनांतर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन IT केंद्र बैजूपाड़ा में किया गया जिसमें ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी एवं PKVY योजनांतर्गत लाभ लेने वाले 100 कृषक प्रशिक्षण में भाग लिया कृषकों को जैविक खेती में समस्याओं का समाधान किया गया सहायक कृषि अधिकारी विनोद कुमार मीना के द्वारा जैविक कृषि की आवश्यकता एवं उपयोगिता के बारे में बताया सतीश कुमार मीना AAO- बड़ियाल कलां के द्वारा कृषकों को जैविक खेती हेतु प्रोत्साहन दिया गया कृषि पर्यवेक्षक रोशन कुमार मीणा के द्वारा बर्मी बेड निर्माण एवं केंचुआ खाद के बारे में विस्तार से बताया कृषि पर्यवेक्षक हेमंत बैरवा के द्वारा जैविक काढ़ा, जैव ऊर्वरक जैव रसायनों की विस्तृत जानकारी दी गई प्रशिक्षण में कृषि पर्यवेक्षक ममता कालीरावणा सुरेखा बुनकर अनिल मिल पृथ्वीराज गुर्जर भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा जैविक कृषि एवं विभागीय योजना की जानकारी दी गई

# रणधा में बिजली चोरी पर डिस्कॉम की विशेष टीम का छापा 5 से ज्यादा अवैध ट्रांसफॉर्मर ज़ब्त

**कानून व्यवस्था**



**फतेहगढ़ जैसलमेर जोधपुर** डिस्कॉम ने मंगलवार को रणधा गाँव में अवैध बिजली चोरी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ा खुलासा किया। प्रबंध निदेशक भंवरलाल डेलू के निर्देश, बाड़मेर संभाग चीफ नरेंद्र कुमार की मॉनिटरिंग और ङ्गश्वह ह्हरू शैतान सिंह सिसोदिया के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने रणधा गांव में अचानक धावा बोलकर बिजली चोरी के कई बड़े ठिकाने पकड़े।टीम को देखकर कई स्थानों पर हड़कंप मच गया। खेतों में चल रहे अवैध कनेक्शन हटाए गए और 5 से अधिक अवैध ट्रांसफॉर्मर जब्त किए गए।कई टीमों ने मिलकर चलाया संयुक्त सर्च ऑपरेशन कार्रवाई में सहायक अभियंता महेंद्र कुमार (फतेहगढ़) कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार, आशीष कुमार, सुरेंद्र सिंह, दानाराम,लाइनमैन राजवीर सहित अन्य कार्मिक मौके पर मौजूद रहें।दोपहर से शुरू हुआ अभियान देर शाम तक जारी रहा। क्षेत्र के कई खेतों में टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जहां अवैध ट्रांसफार्मरों व चोरी के कनेक्शनों का खुलासा हुवा।

## मनोहरपुर वार्ड 23 की बिगड़ती हालात पर फूटा जन-आक्रोश

कानून व्यवस्था



**मनोहरपुर** नगर पालिका के वार्ड 23 सारवान मोहल्ला से छिपीयो का मोहल्ला की ओर जा रहे मार्ग की नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब गली-मोहल्लों में रहना तक मुश्किल हो गया है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैलकर लोगों के घरों के सामने गंदगी का अंबार लगा रहा है। कीचड़ और बदबू के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है, वहीं मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।अब हालात ऐसे हैं कि वहां के मकान नालियों के बराबर हो चुकी है।सदके मकान से ऊंची हो गई है।अब इनकी मांग है कि सड़क खुदवाकर दोबारा सड़क बनाई जाए।शिकायतें दी, पर सुनवाई नहीं–जनता नाराज़ स्थानीय निवासियों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के समय ओर इससे पूर्व में चेयरमैन सुनीता प्रजापत, अधिशाषी अधिकारी प्रवीण शर्मा, सीमा चौधरी और हरिनारायण यादव को कई बार लिखित और मौखिक रूप से समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन न तो नालियों की सफाई हुई और न ही सड़क की मरम्मत हुई। नाराज लोगों ने कहा कि नगर पालिका को समय पर बताया, पर कार्य शून्य रहा समस्या बढ़ती गई और अधिकारी देखते रहे।

## अलवर नगर निगम की पहल: सर्दी में सड़क पर सो रहे लोगों को 'बसेरा वाहिनी' पहुंचाएगी आश्रयस्थल

कानून व्यवस्था



**अलवर:** सर्दी के मौसम में कई जगहों पर बेसहारा व्यक्ति सड़कों पर रात बिताने को मजबूर होते हैं. इसे देखते हुए अलवर नगर निगम ने एक पहल की है. इसके तहत कोई भी बेसहारा व्यक्ति सर्दियों में सड़कों पर सोता नहीं दिखाई देगा. नगर निगम की ओर से इसके लिए %बसेरा वाहिनी% की शुरुआत की है, जो जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थल तक पहुंचाने का काम करेगी.नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति सड़क पर न सोए. उन्होंने बताया कि फिलहाल दो %बसेरा वाहिनी% शुरू की गई हैं. इनके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थल तक निःशुल्क पहुंचाया जाएगा. आयुक्त नरूका ने बताया कि इसके लिए नगरनिगम की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि कोई भी नागरिक किसी जरूरतमंद व्यक्ति को आश्रय स्थल तक पहुंचाने के लिए सूचना दे सके.

## करणीमाता, खाटूश्यामजी समेत 4 धार्मिक स्थलों पर खर्च होंगे 180 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ने राजस्थान को दी बड़ी सौगात



कानून व्यवस्था

राजस्थान के चार धार्मिक पर्यटन स्थलों पर विकास कार्य के लिए केंद्र सरकार ने 180 करोड़ का बजट मंजूर किया है। यह जानकारी केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संसद के शीतकालीन सत्र में दी। वे उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत की ओर से पूछे गए सवाल पर जवाब दे रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि स्थायी पर्यटन स्थल विकसित करने को स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 नाम दिया है। इसमें 2208.27 करोड़ की 53 परियोजना और सीबीडीडी के तहत 648.11 करोड़ की 36 परियोजना मंजूर की है। राजस्थान में योजना 1. बूंदी में केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव के लिए 21 करोड 65 लाख 2. खाटूश्यामजी मंदिर विकास के लिए 87 करोड़ 87 लाख 3. बीकानेर में करणीमाता मंदिर विकास कार्य के लिए 22 करोड़ 58 लाख 4. भीलवाड़ा में मालासेरी डूंगरी के विकास कार्य के लिए करोड 43 लाख।

## दिल्ली दौरे के बाद कल होगी कैबिनेट बैठक,

कानून व्यवस्था



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा** ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से महत्वपूर्ण मुलाकात के तुरंत बाद, राजस्थान में शासन की रफ्तार तेज कर दी है. प्रधानमंत्री से फीडबैक और केंद्रीय मंत्रियों से चर्चा के बाद, अब राज्य में कल (3 दिसंबर 2025) कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठकें बुलाई गई हैं. बुधवार दोपहर 3 बजे कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है, जबकि शाम 4 बजे मंत्रिपरिषद की बैठक।

## आरटीई में वर्तमान सत्र के 44 हजार चयनित विद्यार्थियों का दाखिला आज भी लंबित,

कानून व्यवस्था

**जयपुर।** संयुक्त अभिभावक संघ ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा है कि आरटीई के वर्तमान सत्र (2024-25) में चयनित 44,060 विद्यार्थियों का दाखिला सात महीनों से लंबित है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने लंबित दाखिलों का निस्तारण किए बिना नए सत्र (2025-26) की आवेदन प्रक्रिया की तैयारियाँ शुरू कर दी हैं, जो अभिभावकों व विद्यार्थियों के साथ सरासर अन्याय है।सोमवार को शिक्षा संकुल के एकलव्य सभागार में शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल (स्कूल शिक्षा) की अध्यक्षता में ऋङ्घश्व को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारी, ज्वाइंट डायरेक्टर मंजू शर्मा, डीईओ सुशील कुमार सिंघल, ऋङ्घश्व प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि तथा संयुक्त अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल और प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू शामिल हुए।बैठक में संघ ने दो टूक कहा कि जब तक पिछला सत्र पूरी तरह निपट नहीं जाता, तब तक नए सत्र की प्रक्रिया शुरू करना अव्यवहारिक और अनुचित है। संघ ने वर्तमान सत्र में हुई अव्यवस्थाओं को तुरंत सुधारने और आगामी सत्र से पहले व्यापक बदलाव लागू करने की मांग उठाई।

## जयपुर के झालाना एरिया में युवक की पत्थर से वार कर हत्या,

कानून व्यवस्था



**राजधानी जयपुर** के झालाना एरिया में गैस गोदाम और राधा स्वामी सत्संग चौराहे के पास एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान उमेश भाटी के रूप में हुई है, जो झालाना एरिया में रहता था।परिजन और लोगों का कहना है कि मालवीयनगर थाना मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहा है। उनके अनुसार, पुलिस ने सिर्फ इतना बताया है कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी नहीं दी गई है। इसी विरोध में परिजन और स्थानीय लोग झालाना चौराहे पर धरना देकर न्याय की मांग कर रहे हैं।

### राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन किया

## राज्यपाल ने जारी की अधिसूचना, राजस्थान यह बदलाव करने वाला नौवां राज्य

कानून व्यवस्था



**जयपुर।** राजस्थान में राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया है, अब राजभवन को लोकभवन के नाम से जाना जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजभवन का नाम लोकभवन करने की अधिसूचना जारी कर दी है। राजभवन का नाम बदलने की यह अधिसूचना एक दिसंबर से लागू होगी। राज्यपाल बागडे ने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से लोकतांत्रिक भारतीय संस्कृति की ओर आगे बढ़ने की दिशा में 'लोकभवन' नामकरण बहुत बड़ी पहल है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे देश के संविधान की उद्देशिका ही 'हम भारत के लोग' से शुरू होती है। लोकतंत्र में लोक ही प्रमुख है, इसलिए राज्यपाल का कार्यस्थल अब 'लोकभवन' नाम से जाना जाएगा। लोकभवन÷ केवल नामकरण नहीं बल्कि लोगों की भावनाओं, लोक आकांक्षाओं का प्रतीक है।

### राजस्थान में साइबर क्रिमिनल्स का नया स्कैम

## वोटर कार्ड रद्द होने का भेज रहे मैसेज, SIR के नाम पर कर रहे पैसौं की डिमांड

कानून व्यवस्था

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय चुनाव आयोग की ओर से चलाई जा रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का फायदा उठाने के लिए साइबर क्रिमिनल्स ने नया तरीका अपनाया है। साइबर ठग सोशल मीडिया और SMS पर फेक मैसेज भेजकर फ्रॉड कर रहे हैं। आमजन को डराया जा रहा है कि यदि उन्होंने तुरंत SIR फॉर्म नहीं भरा तो उनका वोटर कार्ड रद्द हो जाएगा। वोटर लिस्ट में नाम काट दिया जाएगा। इस तरह से डराकर OTP और रुपयों की डिमांड की जा रही है। राजस्थान पुलिस की ओर से आमजन को साइबर क्रिमिनल्स के नए स्कैम से सतर्क किया जा रहा है।

डीजी (साइबर क्राइम) संजय अग्रवाल ने बताया- साइबर क्रिमिनल्स की ओर से फ्रॉड के लिए फेक लिंक भेज रहे है। लिंक पर क्लिक करने के बाद लोगों से स्ढ्ढक्र फॉर्म प्रक्रिया पूरी करने के बहाने वन टाइम पासवर्ड (OTP) और तथाकथित प्रोसेसिंग फीस के तौर पर रुपए मांगे जा रहे है। नया स्कैम के तहत वोटर कार्ड रद्द होने की डराकर आमजन से रुपए लूटे जा रहे है।

## सोना सिक्का ब्रांड के नाम का नकली रिफाइंड ऑयल बरामद: जयपुर सीएमएचओ टीम ने तूंगा में दो दुकानों से जब्त किए 39 टिन; सैंपल लिए

कानून व्यवस्था



**जयपुर।** जयपुर सीएमएचओ (द्वितीय) की फूड सेफ्टी टीम ने बस्सी के तूंगा में मंगलवार को दो दुकानों पर छापा मारकर मूंगफली का तेल (रिफाइंड) के सैंपल लेकर 39 टिन सीज किए हैं। ये रिफाइंड सोना सिक्का ब्रांड के नाम से बेचे जा रहे थे।

जयपुर सीएमएचओ डॉ. मनीष मित्तल ने बताया- तूंगा कस्बे में दो बड़े किराना दुकान मालिकों ने शिकायत दी कि उनके यहां सप्लाई हो रहा सोना सिक्का ब्रांड के मूंगफली तेल संदिग्ध हैं। इस पर टीम मौके पर पहुंची और दोनों दुकानों पर जांच की।

जांच में टिन संदिग्ध मिलने पर एक दुकान से 15 और दूसरी दुकान से 24 टिन को सीज करते हुए उनके सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भिजवाए गए। डॉ. मित्तल ने बताया- इस पूरे मामले में दोनों दुकान मालिकों ने सजगता दिखाते हुए कंपनी तक शिकायत पहुंचाई। कंपनी की तरफ से आए प्रतिनिधियों ने भी जांच में टिन को कंपनी के ऑरिजनल नहीं माना है।

## धूमधाम से मनाया गीता जयन्ती उत्सव

कानून व्यवस्था



**चूरू,** (जगदीश सोनी) श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं ने गीता जयन्ती उत्सव को धूमधाम से मनाया। मंदिर में गीता जयन्ती पर भगवान वासुदेव की श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने गीता महात्म्य का पठन स्वर किया। इस अवसर पर पुरूष व महिलाएं मौजूद रहे। इस मौके पर हरिशरण प्रभात फैरी का वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर घड़सीराम, श्रीराम शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, योगेश शर्मा, गिरधारी शर्मा, कमल सुरेका आदि मौजूद रहे। मंदिर के राजेश मडावेवाला ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## मुंबई-जयपुर फ्लाइट के लैंडिंग गियर में खराबी, फुल इमरजेंसी लैंडिंग: हाइड्रोलिक सिस्टम में लीकेज होने लगा, 189 यात्री सवार थे

कानून व्यवस्था




**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार को मुंबई से जयपुर आ रही स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट SG - 649 की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। फ्लाइट के लैंडिंग गियर के हाइड्रोलिक सिस्टम में तकनीकी खराबी आ गई थी। पायलट ने समय रहते समस्या को पहचाना और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को इसकी सूचना देकर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद प्लेन की फुल इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में 189 पैसेंजर्स सवार थे। विमान ने दोपहर 3:08 बजे मुंबई से जयपुर के लिए उड़ान भरी थी। शाम करीब 4:35 बजे जयपुर एयर स्पेस में आने के बाद फ्लाइट के पायलट ने ATC से संपर्क कर फुल इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद ATC ने पायलट को फुल इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति दी। शाम 4:48 बजे फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुई।

### फायर ब्रिगेड, एयरपोर्ट सिक्योरिटी और मेडिकल टीम अलर्ट पर रही

इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान रनवे पर फायर ब्रिगेड, एयरपोर्ट सिक्योरिटी और मेडिकल टीम को अलर्ट पर रखा गया। विमान के लैंड होते समय सभी इमरजेंसी प्रोटोकॉल फॉलो किए गए।

## जयपुर से किडनैप कर युवक से लूट: लाठी-डंडों से जमकर की मारपीट, मकान में छिपकर बचाई जान

कानून व्यवस्था



**जयपुर।** जयपुर से किडनैप कर एक युवक से लूट का मामला सामने आया है। लाठी-डंडों से मारपीट कर बदमाशों ने 80 हजार रुपए व पहने गहने उतार लिए। बदमाशों के चंगुल से भागकर पीड़ित युवक ने एक मकान में छिपकर अपनी जान बचाई। कानोता थाने में पीड़ित युवक ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। ASI मातादीन ने बताया- कानोता के हीरावाला निवासी 19 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 30 नवम्बर की शाम वह अपनी शॉप पर बैठा था। शाम करीब 6:30 बजे काले कलर की कार शॉप के सामने आकर रुकी। कार से पांच लड़के उतरे और लाठी-डंडों से मारपीट की। जबरन उठाकर उसे कार से ले गए। निम्स कॉलेज की तरफ ले जाकर पेंट में रखे 80 हजार रुपए, चांदी की चेन और अंगुठी निकाल ली। धमकी देकर रुपए मांगने पर ही छोड़ने की कहने लगे। बदमाशों ने उसके कपड़े उतारकर मारपीट की। इस दौरान एक दूसरी गाड़ी को आते देखकर बदमाश उसे छोड़कर वहां से भाग गए। बदमाशों के चुंगल से छूटने पर तुरंत पास ही एक मकान में जाकर छिप गया। मकान में मौजूद लोगों को आपबीती सुनाने पर उन्होंने घरवालों से बात करवाई। पुलिस को सूचना देकर बुला उसका मेडिकल करवाया। बदमाशों के मारपीट से सिर सहित पीठ और पैरों में चोट लगी मिली। कानोता थाना पुलिस ने FIR दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक दीपक शर्मा के लिए महारानी प्रिन्टर्स, प्लांट नं.17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड जयपुर, (राज.)से मुद्रित तथा 3935, दीपकुंज, दीनानाथजी की गली, नौं ग्रह मंदिर के पास जयपुर (राज.) से प्रकाशित सम्पादक दीपक शर्मा, मो. 9352779494 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ) पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार।